जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकःजीवि/परीक्षा–2/गोप0/2013/2117(बी) दिनांक : 08/11/2013

/ / अधिसूचना / /

विश्वविद्यालय की स्नातक पंचम सेमेस्टर बी0ए0/बी0एस0सी0/बी0कॉम0/बी0एस0सी0 (होमसाइंस) परीक्षा नवम्बर 2013 दिनांक 09 नवम्बर 2013 से प्रारंभ होने जा रही हैं। परीक्षायें सम्पन्न कराने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा पूर्ण तैयारी कर ली गयी है।

स्नातक पंचम सेमेस्टर की परीक्षाओं में लगभग 24,360 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। स्नातक पंचम सेमेस्टर की परीक्षायें विश्वविद्यालय क्षेत्रांतर्गत पूर्व निर्धारित 62 परीक्षा केन्द्रों एवं अधिग्रहित भवनों पर शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यो के मार्गदर्शन एवं नियंत्रण में सम्पन्न होंगी। परीक्षा सम्पादित कराने हेतु उत्तरपुस्तिकायें एवं प्रश्न–पत्र विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर भेजे जा चुके है।

स्नातक पंचम सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी परीक्षार्थियों के प्रवेश–पत्र महाविद्यालयों को ऑनलाईन उपलब्ध करा दिये गये हैं।

विश्वविद्यालय द्वारा सभी जिलों के अग्रणी महाविद्यालयों के प्राचार्यो से पूर्व की भांति जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल गठित कर अपने क्षेत्रांतर्गत आने वाले सभी परीक्षा केन्द्रों पर नकल की प्रवृत्ति को नियंत्रित करने हेतु अनुरोध किया गया है।

स्नातक **बी0ए0/बी0एस0सी0/बी0कॉम0/बी0एस0सी0 (होमसाइंस) पंचम सेमेस्टर की 09 नवम्बर 2013** से प्रारंभ होने वाली परीक्षा में **(एकल प्रश्न–पत्र प्रणाली)** के सभी नियमित छात्र परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

स्नातक पंचम सेमेस्टर (पुराना पाठ्यक्रम) के ए0टी0के0टी0 छात्रों के लिये विश्वविद्यालय द्वारा बाद में पृथक से परीक्षा कार्यक्रम घोषित किया जावेगा।

एकल प्रश्न–पत्र प्रणाली के अंतर्गत स्नातक पंचम सेमेस्टर की परीक्षा में नियमित छात्र के रूप में सम्मिलित होने वाले सभी परीक्षार्थियों से अनुरोध है कि वह पूर्व निर्धारित समय सारणी के अनुसार निर्धारित समय पर परीक्षा केन्द्रों पर उपस्थित होकर परीक्षा में सम्मिलित हों।

स्नातक **बी0ए0 एवं बी0एस0सी0 पंचम सेमेस्टर की परीक्षायें सुबह 8.00 से 11.00 बजे की पाली** में तथा स्नातक **बी0कॉम0 एवं बी0एस0सी0 (होमसाइंस) पंचम सेमेस्टर की परीक्षायें दोपहर 2.00 से 5.00 बजे** की पाली में सम्पन्न होगी।

विश्वविद्यालय द्वारा शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यो से यह अनुरोध किया गया है कि पूर्व की भांति अधिग्रहित भवनों पर परीक्षायें सम्पादित की जा रही हैं, ऐसे परीक्षा केन्द्र पर परीक्षायें सम्पादित कराने हेतु वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष नियुक्त करें।

सर्वसंबंधित के सूचनार्थ प्रसारित।

कुलसचिव